संख्या– 625 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी.सी.

प्रेषक,

मोनिका एस. गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 28 जून, 2021

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थाओं में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने हेतु (शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिये) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1018 / सत्तर–2–2020–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 17.11.2020, शासनादेश संख्या–1124 / सत्तर–2–2020–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 31.12.2020, शासनादेश संख्या–350 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 19.03.2021, शासनादेश संख्या–403 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 26.03.2021, शासनादेश संख्या–481 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 06.05.2021 एवं शासनादेश संख्या–556 / सत्तर–2–2021–16(11) / 2017 टी.सी. दिनांक 14.06.2021 का संदर्भ ग्रहण करें।

2– उक्त शासनादेश दिनांक 17.11.2020, 31.12.2020, 19.03.2021, 26.03.2021, 06.05.2021 एवं 14.06.2021 द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु शैक्षिक शिक्षा सत्र 2021–22 के लिये उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु समय–सारिणी निर्धारित की गयी है।

3– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत शैक्षिक शिक्षा सत्र–2021–22 में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता के प्रस्तावों के निस्तारण हेतु विशेष परिस्थिति में शासन द्वारा सम्यक् विचारोंपरान्त निम्नवत् संशोधित समय–सारिणी निर्धारित की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | कार्यवाही | संशोधित समय–सारणी |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि। | 08 जुलाई, 2021 तक। |
| 2. | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना। | 15 जुलाई, 2021 तक। |

Draft-2021 (v.)

| | | |
|---|---|---|
| 3. | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना | 22 जुलाई, 2021 तक। |
| 4. | संस्था द्वारा निरीक्षण मण्डल गठन हेतु आवेदन किया जाना। | 26 जुलाई, 2021 तक। |
| 5. | निरीक्षण मण्डल का गठन। | 30 जुलाई, 2021 तक। |
| 6. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | 10 अगस्त, 2021 तक। |
| 7. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | 18 अगस्त, 2021 तक। |
| 8. | शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि | 24 अगस्त, 2021 तक। |
| 9. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि | 31 अगस्त, 2021 तक। |

कृपया उक्त समय–सारिणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करानें का कष्ट करें।

भवदीया,

( मोनिका एस. गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 625(1)/सत्तर–2–2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, श्री कुलाधिपति, उ0प्र0।
2. समस्त कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
4. निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., योजना भवन, लखनऊ।
6. अपर सचिव उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।
7. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री/निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री जी।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( श्रवण कुमार सिंह )
विशेष सचिव।

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................../सम्ब. अनु./2021

दिनांक :........................................................

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय/महोदया,

कृपया उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के उपरोक्त पत्र संख्या : 625/सत्तर–2–2021–16(11)/2017, दिनांक 28 जून, 2021 का संदर्भ ग्रहण करे का कष्ट करें जिसके द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0एड0 पाठ्यकम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/नये पाठ्यकमों को सत्र 2021–22 से प्रारम्भ किये जाने के लिए संशोधित समय सारिणी घोषित की गयी है जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय में निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 10 अगस्त, 2021 अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है।

अतः शासन के निर्देशानुक्रम में निर्देशित किया जाता है कि शासन के उपरोक्त पत्र दिनांक 28.06.2021 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अन्तिम तिथि दिनांक 10 अगस्त, 2021 तक निर्देशानुसार स्थलीय निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF 9512-20 दिनांक : 05/7/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी) को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निदेशक, आई.पी.पी.आर., ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
4. उप कुलसचिव (प्रवेश)।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव